पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि अगले वर्ष भव्यता से मनाया जायेगा स्थापना दिवस

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की अस्मिता एवं गौरव से जुड़ा पक्ष है - राज्यपाल

लखनऊः 24 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस प्रदेश की अस्मिता एवं गौरव से जुड़ा पक्ष है। अगले वर्ष उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस अवश्य ही भव्यता से मनाया जायेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। स्थापना दिवस के माध्यम से जनता में गौरव का बोध होता है। प्रदेश की जनता को प्रदेश के स्थापना दिवस के बारे में जानना चाहिये और प्रदेश के नागरिक होने पर गर्व होना चाहिए।

यह विचार आज प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक, रंग भारती एवं भारतीय नागरिक परिषद द्वारा राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर लोकायुक्त, न्यायमूर्ति एन0के0 मेहरोत्रा, प्राथमिक शिक्षा मंत्री, श्री राम गोविन्द चैधरी, महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में हास्य कवि, श्री नारायण अग्निहोत्री 'सनकी', पत्रकारिता के क्षेत्र में श्री कमाल खां, चिकित्सा के क्षेत्र में डाॅ0 दिवाकर दलेला, प्रशासनिक क्षेत्र में अवकाश प्राप्त प्रशासनिक अधिकारी टी0एन0 धर, पूर्व डीजीपी श्री विक्रम सिंह तथा समाज सेवा के क्षेत्र में भैय्याजी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित किया।

श्री नाईक ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रथम नागरिक होने के नाते कल मुंबई में उत्तर भारतीयों द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जहां हजारों की संख्या में उत्तर प्रदेशवासी उपस्थित थे। मुंबई में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस गत 27 वर्षों से मनाया जाता है। देश के अन्य हिस्सों में भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया जाता है। सूरीनाम, मारीशस में रहने वाले उत्तर प्रदेश के लोग भी बडे उत्साह से उत्तर प्रदेश दिवस मनाते हैं।

राज्यपाल ने कहा उत्तर प्रदेश की साहित्यिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं लोकतांत्रिक दृष्टि से अपनी अलग पहचान है। उत्तर प्रदेश के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोग जाने तथा उत्तर प्रदेश को पहचान मिले इसके लिए हमें प्रयास करने की जरूरत है। कार्यक्रम से पूर्व राज्यपाल ने सउदी अरब के शाह अब्दुल्ला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सउदी अरब में हमारे मुस्लिम भाईयों का पवित्र स्थल मक्का मदीना है।

प्राथमिक शिक्षा मंत्री, श्री राम गोविन्द चैधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सम्मान प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुये सभी उपस्थित जनों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की भी बधाई दी।

लोकायुक्त, न्यायमूर्ति एन0के0 मेहरोत्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारतवर्ष का हृदय स्थल है और अनेक गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु रहा है। विशेष जीवन शैली तथा मनुष्यों के हक की लड़ाई का भी केन्द्र रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वास्तव में संस्कृतियों का संगम है।

महापौर, डाॅ0 दिनेश शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस अनुभूति कराता है कि हमनें क्या खोया, क्या पाया। आज का दिन आगे बढ़ने का दिन है। उत्तर प्रदेश भौगोलिक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपनी ऐतिहासिक धरोहरों का पर्यटन की दृष्टि से लाभ नहीं उठा पाये हैं। उन्होंने कहा कि समन्वय के साथ हमें सृजनशीलता को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में आयोजक श्री श्याम कुमार ने सबका आभार व्यक्त किया।

रंगभारती
भारतीय नागरिक परिषद

रंगभारती
नागरिक